## सार-समाचार

### लोढा पब्लिक स्कूल फालना को अवार्ड

**फालना, (निसं)।** एस.पी.यू.जैन शिक्षण संघ, फालना की ओर से संचालित कनकराज सावंतराज लोढा पब्लिक स्कूल को शिक्षा जगत में एशिया के सर्वश्रेष्ठ मैग्जीन समूह एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा बेस्ट स्कूल अवार्ड प्रदान किया गया। संस्था सचिव शान्तिलाल बोकडिया ने बताया कि एजुकेशन वर्ल्ड मैग्जीन समूह द्वारा संयोजित यह स्कूल रैंकिंग अवार्ड श्रृंखला, विश्व की सबसे वृहद व गहन सर्वेक्षण प्रक्रिया का परिणाम है, जिसमे शिक्षा जगत के आधारभूत व महत्वपूर्ण मानकों के गहन सर्वेक्षण व 18000 से अधिक फिल्ड इन्टरव्यू शामिल किये गये है। अवार्ड के लिए किए गए सर्वेक्षण में शिक्षकों की योग्यता, शैक्षणिक प्रतिष्ठा,सह शैक्षणिक एवं अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां,खेल शिक्षा,पाठ्यक्रम एवं शिक्षा शास्त्र,नेतृत्व एवं प्रबंधन, अभिभावको का सहयोग, आधारभूत संरचना, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य तथा सामुदायिक सेवा आदि पैमानों पर उपार्जित अंकों के आधार पर कनकराज सावंतराज लोढा पब्लिक स्कूल सहशैक्षणिक विधालय श्रेणी में बेस्ट स्कूल अवार्ड के लिए योग्य घोषित किया गया। नई दिल्ली में होटल जे डब्ल्यू मैरियट में 13 व 14 अक्टूबर को आयोजित भव्य अवार्ड समारोह में भारत के सुविख्यात विद्यालयों के निदेशकों, प्रधानाचार्यो व शिक्षाविदों की मौजूदगी में प्रधानाचार्य डॉ.बृजराज सिंह बाघेला व व्याख्याता टीकमाराम सोलंकी को एजुकेशन वर्ल्ड के सीईओ व निदेशक भवीन शाह, चीफ एडिटर दिलीप ठाकोर व ईस्टकटो की सीईओ देवकी अग्रवाल ने अवार्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक ईंदरचंद राणावत व कनकराज लोढा, अध्यक्ष बक्तावरमल सी. रांका, उपाध्यक्ष खुबीलाल जे. राठौड, नरेंद्र एम. मेहता व अरविंद राणावत, सचिव शांतिलाल बोकडिया, सह सचिव अशोक परमार, हेमंत राणावत व अंकित राङ्गौड, कोषाध्यक्ष हंसमुख संघवी, सहकोषाध्यक्ष विपिन चौधरी,सीईओ डॉ. सुरेशचंद्र अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य अमित मेहता, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाए प्रेषित करते हुए विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

### चुनाव में तत्परता से कार्य करें : भंडारी

**सांचौर, (निसं)।** सांचोर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार में आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 के संबंध में बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे अधिकारी-कार्मिक एवं पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करते हुए निष्पक्षता के साथ शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग के नियमों के अनुसार प्रभावी मॉनिटरिंग एवं तत्परता के साथ चुनावी कार्य करें। बैठक के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सांचौर बद्रीनारायण बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफ एस टी) एवं पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर चुनावी कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना में सी-विजील एप्लीकेशन पर प्राप्त होने वाली आमजन की शिकायतों का सौ मिनट की समयावधि में उचित रूप से निस्तारण करें। बैठक के दौरान एडिशनल एसपी जसाराम बोस ने कहा कि आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान निर्वाचन विभाग से जुडे अधिकारी कार्मिक व पुलिस अधिकारी टीमवर्क के साथ कार्य करें एवं निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन नहीं हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। बैठक के दौरान चितलवाना उपखंड अधिकारी हनुमानाराम ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के फलस्वरुप अत्यधिक सतर्कता एवं निष्ठा के साथ चुनावी कार्य को संपन्न करवाए। इस अवसर पर चितलवाना तहसीलदार रायमल चौधरी ,बागोडा तहसीलदार चमनलाल सियोल सहित इलेक्शन एफएसटी टीम के सदस्य एवं पुलिस अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन

**जालोर/आहोर, (कासं)।** विधानसभा क्षेत्र आहोर में भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी उपस्थिति में आयोजित हुआ। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं एवं पदाधिकारी ने भाग लिया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू सोलंकी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार यह नारी शक्ति सम्मेलन हुआ है। जिसमें जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा और भाजपा की योजनाओं की वाहा वाही की। उन्होने कहा कि गहलोत सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। कांग्रेस के राज में अपराधियों के हौसले बुलंद हुए हैं। पूरे प्रदेश में प्रतिदिन महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। जिसमें यह सरकार विफल हो रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में नारी शक्ति ने संकल्प लिया है कि इसका जवाब देगी। सोलंकी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए बताया कि पीएम मोदी ने महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान को बढ़ाने की दिशा में बहुत काम किए हैं। जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी है। इस सम्मेलन में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी, जिला मंत्री गायत्री गौड, जिला मंत्री इंदु चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मौसमी देवी, मंडल अध्यक्ष ललिता शर्मा, भाद्राजून मंडल अध्यक्ष पिंकी शर्मा, अनीता, कविता, रेखा, सीमा, पूजा, बदामी देवी, सुरमा देवी सुमन ,कुसुम कवर, ओटरमल परमार, शंकर दान, जेठूसिंह, हकमाराम आहोर मंडल अध्यक्ष, मांगीलाल चंदराई मंडल अध्यक्ष, अमृत देवासी गुडा बालोतन मंडल अध्यक्ष, बंशी लाल सुथार, दिनेश सियाणा, सोहनलाल सुथार, तारा राम प्रजापत, नारायण लाल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### अमरपुरा राणेरी में अतिक्रमण हटाए

**बाप, (निसं)।** स्थानीय राजस्व विभाग सरकारी भूमि पर हो रखे अतिक्रमण को हटाने की लगातार कार्यवाही कर रहा है। सोमवार को हाईकोर्ट जोधपुर के आदेशानुसार शेखासर उप तहसील क्षेत्र के राणेरी पंचायत में बेशकीमति सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। कार्यवाही के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस जाब्ता तैनात रहा। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर मुस्तैद रही। अमरपुरा राणेरी के ग्रामीण दो वर्षो से अधिक समय से अतिक्रमण हटाने की मांग करते आ रहे थे। तहसीलदार शिव प्रकाश शर्मा को बाप में पदभार ग्रहण किये दो माह ही हुए है। इस दौरान उन्होने तीन बार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर दी। पहले बाप कस्बे में इसके बाद अखाधना में अवैध कब्जे हटाये गये। सोमवार को तीसरी कार्यवाही राणेरी पंचायत में हुई। तहसीलदार शर्मा ने बताया कि अमरपुरा राणेरी में खसरा नंबर 95 व 106 में 20 किसानो ने बेशकीमती 400 बीघा सरकारी भूमि पर अति मण कर रखा था। तहसीलदार शर्मा ने बताया कि करीब 1000 पट्टिया रोप कर तारबंदी की हुई थी। जिसे हटाकर उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर दिया है। राणेरी पंचायत ने अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी वगैरा उपलब्ध करवाई। कार्यवाही के दौरान बाप पुलिस जाब्ता सहित तहसीलदार शिव प्रकाश शर्मा, शेखासर नायब तहसीलदार रामेश्वरलाल, गिरदावर हनुमानराम, आरआई शेखासर ठाकरदास, पटवारी भूराराम टेकरा, पटवारी दिनेश शेखासर, पटवारी सोहनलाल देदासरी आदि मौजूद रहे।

### बारिश से गुलाबी ठंड का अहसास

**बाप, (निसं)।** बाप कस्बे सहित क्षेत्र में बीती रात करीब डेढ बजे अचानक मौसम में आये बदलाव के बाद बरसात शुरू हो गई। बरसात के साथ तेज आकाशीय बिजली कडक रही थी। रूक रूक कर हल्की बरसात का दौर आधा घंटे तक चला। रात में बरसात होने से सोमवार की सुबह गुलाबी ठंड के साथ शुरू हुई। हल्की सर्दी का असर खेतो से सुबह सुबह आने वाले किसानों व दुध विक्रेताओं पर देखने को मिला। बाइक पर सवार इन लोगो ने गर्म शॉल से खुद को ढके हुए थे। दोपहर होने से पहले आसमान में बादल छा गये। 2 बजे काले घने बादलो से दिन में सांझ का अहसास होने लगे था। ढाई बजे रूक रूक कर बूंदाबांदी शुरू हो गई जो पांच बजे तक होती रही।

### उप चुनाव आगामी आदेशों तक स्थगित

**जालोर, (कासं)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव को आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के रिक्त पदों पर 26 सितम्बर, 2023 को उपचुनाव की घोषणा की गई थी। वही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 9 अक्टूबर को राज्य में विधानसभा आम चुनावों की घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एमसीसी गाइडलाइंस को दृष्टिगत रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के उप चुनाव कार्यक्रम को आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है।

# बाली क्षेत्र में रैली निकाली, मतदान का संकल्प लिया

**पाली, (नि.सं.)।** आगामी विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर स्वीप गतिविधि के अंतर्गत बाली विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर पालिका बाली, नगर पालिका खुडाला फालना, नगर पालिका सादड़ी, बाली उपखंड के समस्त ग्राम पंचायतों के साथ ही देसूरी और रानी उपखंड के बाली विधानसभा में आने वाले ग्राम पंचायतों में एक साथ एक ही समय सैंतीस हजार लोगों ने शामिल होकर मतदाता जागरूकता महाअभियान की शुरुआत की। जिसे अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाली जितेंद्र पांडेय और बाली विधानसभा निर्वाचन अधिकारी तथा उपखंड अधिकारी बाली भागीरथ राम ने हरी झंडी दिखाई।

विकास अधिकारी बाली हीरालाल कलबी ने बताया कि इस मतदाता जागरूकता महाअभियान में सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालय के विद्यार्थी, राजकीय एवं निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य स्टाफ सहित विद्यार्थी, कैंपस एंबेसडर,, सुपरवाइजर, बीएलओ, ग्राम पंचायतों के कार्मिक, आंगनबाड़ी कार्यकता, आशा सहयोगिनी, राजीविका कार्यकर्ता, एनजीओ, मनरेगा श्रमिक तथा बाली विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने शामिल होकर आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने, अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने, विशेषकर प्रवासी बंधुओं को मतदान के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित करने को लेकर मतदाता जागरूकता महा रैली निकाली गई। जो किला रोड, रंजन सराय, प्रताप चौक होते हुए उपखंड कार्यालय में संपन्न हुई। वोट देने की अपील पोस्टर, बैनर और तख्तियां में माध्यम से की गई। पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, जैसे स्लोगन लिखे थे। साथ ही सभी ने मिलकर मतदान की शपथ लेकर संकल्प लिया कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में 25 नवंबर की होने वाले विधान सभा चुनाव में अपना अमूल्य वोट अवश्य देंगे।

बाली नगर की विशाल मतदाता जागरूकता रैली का काफिला एक किलोमीटर से अधिक लंबा था जिसमें विकास अधिकारी हीरा लाल कलबी, तहसीलदार हरेंद्र सिंह, अधिशाषी अधिकारी बाली सुनील बिश्नोई,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी परबत सिंह राठौड़, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी हीतेंद्र वागोरिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी भागीरथ चौधरी, प्रधानाचार्य उच्च माध्यमिक विद्यालय बाली श्रवण सिंह राजपुरोहित सहित सभी विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने हिस्सा लेकर सभी से मतदान में अपनी भागीदारी शत प्रतिशत करने एवं लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने क लिए प्रेरित किया।




**बाली विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायतों में एक साथ एक ही समय सैंतीस हजार लोगों ने शामिल होकर मतदाता जागरूकता महाअभियान की शुरुआत की।** फोटो-राष्ट्रदूत

# ‘साहित्यकार पेट के लिए नहीं देश के लिए लिखें’



**अदबी उड़ान संस्था उदयपुर की ओर से आठवां राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सम्मान समारोह समारोह असम के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया क मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।**

**जोधपुर, (कासं)।** अदबी उड़ान संस्था उदयपुर की ओर से आठवें राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सम्मान समारोह 2023 का आयोजन प्रसार शिक्षा निदेशालय सेमिनार हॉल आरसीए में किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि गुलाबचन्द कटारिया राज्यपाल असम, समारोह के अध्यक्ष उद्यमी शेख शब्बीर के. मुस्तफा, अदबी उडान संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष खुर्शीद शेख खुर्शीद ने डॉ पद्मजा शर्मा को अदबी उडान महिला साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया।

इससे पूर्व डॉ पद्मजा शर्मा को राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर का सर्वोच्च मीरा पुरस्कार मिल चुका है। उनकी कहानियों की किताब मोबाइल पिक और हॉस्टल तथा अन्य कहानियां पर। जिन बारह रचनाकारों को राष्ट्रीय अदबी उड़ान सम्मान से सम्मानित किया गया, वे हैं डॉ हरेन्द्र हर्ष ,डॉ पद्मजा शर्मा , ओम प्रकाश चास्टा, उत्सव जैन, हलीम आईना, डॉ राशि सिन्हा, कासिम बीकानेरी, वाजिद हसन काजी, सुभाष चंद्र अग्रवाल, सुशीला शील राणा, मेहबूब ली मेहबूब और अनुभव राज। राज्यपाल ने वक्तव्य में कहा कि साहित्यकार को पेट के लिए नहीं देश के लिए लिखना चाहिए। बिना किसी डर के सच्चाई का साथ देना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता शेख शब्बीर के.मुस्तफा ने की तथा विशिष्ट अतिथि डॉ पद्मजा शर्मा थी। समारोह में साहित्यकार, साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

समारोह के दूसरे चरण में अदबी उडान संस्थान की तरफ से काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कवियों, शाइरों ने अपनी बेहतरीन कविताएं, गीत, गजल सुनाई। मुख्य अतिथि थे अकादमी के विशिष्ट साहित्यकार सम्मान पाने वाले साहित्यकार खुर्शीद शेख खुर्शीद। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ पद्मजा शर्मा ने की और संचालन जाने माने बाल साहित्यकार अब्दुल समद राही ने किया।

## विश्व आहार दिवस मनाया

**जोधपुर, (कासं)।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में विश्व आहार दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित अतिथि व्याख्यान को जैसलमेर जिले के फूड सेफ्टी ऑफिसर के. आर. कड़वासरा ने ‘‘स्वच्छ एवं शुद्ध आहार ‘‘ विषय पर संबोधित किया। व्याख्यान में उन्होंने शुद्ध आहार द्रव्यों का वर्णन करते हुए, भोजन में होने वाली मिलावटों, पहचान तथा बचाव, भोजन सामग्री को सुरक्षित रखने के उपाय एवं भोजन संबंधी सामान्य नियमों की जानकारी दी। साथ ही बचे हुए भोजन को उपयोग करने के तरीकों तथा आहार संबंधी व्यवसाय के बारे में बताया।

> ■ **बचे हुए भोजन का उपयोग करने के तरीकों तथा आहार संबंधी व्यवसाय के बारे में बताया**

कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति प्रो. प्रजापति आहार का महत्व बताते हुए कहा कि आहार के अधीन ही हमारा आरोग्य है तथा शुद्ध आहार सेवन व्यक्ति की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए शुद्ध आहार के साथ ही आहार में होने वाली मिलावटों की जानकारी सर्व सामान्य को होनी चाहिए, जिससे मिलावटी आहार से बचा जा सके ।

विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा ने अतिथि का साफा पहनाकर स्वागत किया। प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल ने अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भारत की परंपरा शुद्ध भोजन की रही है, तथा नैतिकता की गिरावट भोजन पदार्थों में मिलावट को बढ़ावा देती है।

प्राचार्य प्रो. महेंद्र कुमार शर्मा, प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास, प्रो. चंदन सिंह, प्रो. नीलिमा ए. रेड्डी, प्रो. गोविंद गुप्ता, डॉ. दिनेश राय, डॉ. देवेंद्र चाहर, डॉ. विजयपाल त्यागी, डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा, डॉ. मनोज अदलखा, डॉ. हरीश सिंघल तथा आयोजन समिति के सदस्य डॉ. सौरभ अठावाल, स्नातकोत्तर अध्येता, स्नातक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## युवक पर जानलेवा हमला

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर के महामंदिर पुलिस थाना क्षेत्र में एक पान की दुकान के पास में आपसी विवाद के चलते युवक पर जानलेवा हमला किया गया। घायल युवक को एमजीएच में भर्ती करवाया गया। जिसके पर्चा बयान पर पुलिस ने हत्या प्रयास का प्रकरण दर्ज किया। आरोपी हाथ नहीं लगे है। इनकी तलाश की जा रही है।

महामंदिर पुलिस ने बताया कि घटना में राममोहल्ला नागौरी गेट निवासी महिराज सिंह पुत्र उम्मेद सिंह की तरफ से केस दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि विशाल चौहान से उसका पुराना विवाद चल रहा है। इसके चलते विशाल चौहान, आमीन खां, फरहान आदि में एक पान की दुकान के पास में उस पर हथियारों एवं लोहे के पाइप से लैस होकर हमला किया। जिससे उसके सिर में गहरी चोट लगी। उसका एमजीएच में उपचार जारी है। रिपोर्ट के अनुसार वक्त घटना पूर्व महिराज सिंह के साथ उसका दोस्त कुलदीप भी साथ था। आरोपियों से बातचीत से सुलह करने के लिए एक कॉम्पलैक्स के बाहर मिले थे। जहां बाद में कुलदीप घर चला गया और विशाल चौहान अपने साथियों को लेकर फिर आया और हमला किया।

> ■ **महामंदिर पुलिस थाना क्षेत्र में एक पान की दुकान के पास में आपसी विवाद**

## रेस्टोरेंट में तोड़फोड़

जोधपुर, 16 अक्टूबर (कासं)। मंडलनाथ दईजर रोड पर आए एक रेस्टोरेंट में रात के समय कुछ युवकों ने कैंटिन में घुसकर स्टाफ से शराब के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से इंकार किए जाने पर मारपीट की और सामान तोडफ़ोड़ दिया। रेस्टोरेंट संचालक ने अब इस बारे में करवड़ थाने में नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी है।

करवड़ पुलिस ने बताया कि रामपुरा भाटियान निवासी श्यामलाल लुहार की तरफ से रिपोर्ट दी गई।

# अहिंसा का महत्व बताया



**जालोर के नंदीश्वर जैन तीर्थ में धर्म सभा का आयोजन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर के नंदीश्वर द्वीप जैन तीर्थ में भंडारी परिवार की ओर से आयोजित आध्यात्मिक चातुर्मास में सोमवार को धर्म सभा को संबोधित करते हुए गणिवर्य ज्ञान रत्न विजय ने कहा कि प्रभु महावीर की अहिंसा हमें पुरुषार्थ की प्रेरणा देती है।यह हमे कायरता नहीं सिखाती।

चातुर्मास के मीडिया संयोजक हीराचंद भंडारी के मुताबिक प्रभु महावीर ने हम सबको जो अहिंसा सिखाई हैं वह पराक्रम और शौर्य से पूर्ण है। जिस व्यक्ति के भीतर कुछ कर गुजरने का जज्बा नहीं होता। जिसमें सत्व नहीं पाया जाता। वह धर्म के लिए भी उपयोगी नहीं हो सकता। व्यक्ति के भीतर धर्म की खुमारी और जोश होना चाहिए। वह समुदाय प्रगति और विकास के नये आयाम स्थापित करता है, जो अपने जीवन मूल्यों के प्रति विश्वास को दृढ़ रख विकासवादी दृष्टिकोण अपनायें। इतिहास में अनेक ऐसे श्रावक हुए। जिन्होंने धर्म और शासन की रक्षा हित तलवार उठाने से भी संकोच नहीं किया।

## सार-समाचार

### हैड कांस्टेबल से 30 हजार की ठगी

**जोधपुर, (कासं)।** पुलिस आयुक्तालय रिजर्व पुलिस लाइन में लगे एक हैड कांस्टेबल से वर्ष 2018 में दो लोगों ने प्लॉट दिलाने के नाम पर 30 हजार की धोखाधड़ी कर ली। ना तो प्लॉट दिलाया और ना ही रूपए वापिस लौटाए। आरोपी ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित किए जाने के साथ ऐलानियां धमकीं भी दी है। पीड़ित हैडकांस्टेबल की तरफ से अब मंडोर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस आयुक्तालय रिजर्व पुलिस लाइन के एक हैडकांस्टेबल ने मामला दर्ज करवाया कि वह वर्ष 2018 में मंडोर पुलिस थाने में हैडकांस्टेबल लगा हुआ था। तब रामनिवास शर्मा और लक्ष्मण परिहार नाम के शख्स से पहचान हो गई थी। रामनिवास प्रोपर्टी का कार्य करता था और प्लॉट दिलाने के लिए उससे 30 हजार रूपए लिए थे। मगर समय बीतने के बाद जब उससे बात की गई तो वह टालमटोल जवाब देना लगा। रामनिवास और लक्ष्मण परिहार एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। प्लॉट नहीं मिलता देख हैडकांस्टेबल ने अपने रूपयों का तकाजा किया। मगर यह लोग आनाकानी करने लगे। रामनिवास अब आरपीटीसी के पास में खुद की चाय केंटिन चलाता है। 5 सितंबर 23 को हैडकांस्टेबल उसके पास में गया तो वह धमकाने के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। पीड़ित हैडकांस्टेबल ने अब मंडोर थाने में रामनिवास और लक्ष्मण परिहार के खिलाफ धोखाधड़ी में रिपोर्ट दी है।

### जगत प्रकाश नड्डा जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सोमवार शाम को विशेष वायुयान से जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित अनेक पदाधिकारियो भाजपा नेताओं जन प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा के नेतृत्व बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पवर्षा कर उनका जोरदार स्वागत एवं सत्कार किया गया। एयरपोर्ट पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, पाली सांसद पी पी चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, महापौर वनिता सेठ, राष्ट्रीय सचिव विजया राहटकर, पूर्व मंत्री वासुदेव देवनानी, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा सहित अनेक पदाधिकारी भाजपा नेता कार्यजर्ताओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। मंत्री शेखावत ने कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। भाजपा की संभाग स्तरीय संघटनात्मक बैठक में शामिल होने के लिए पाल रोड स्थित होटल पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का बैठक स्थल पहुंचने पर धूम धड़ाके स्वागत किया गया। भाजपा के दुपट्टे पहनाया गया। उन्होने बैठक का पंजीयन कराया फिर आयोजन स्थल पर प्रवेश किया। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कुंकुम के तिलक से सभी अथितियो का स्वागत किया। जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा ने बैठक में प्रतिभागी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

### पति व पत्नी ने एक दूजे पर लगाए आरोप

**जोधपुर, (कासं)।** चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसके परिजन पर दहेज देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है। दहेज प्रतिषेध अधिनियम में केस दर्ज किया गया है। जिसमें दहेज लेना और देना दोनों ही अपराध है।पुलिस के अनुसार शुभम फार्म हाउस पाल रोड के रहने वाले ओमप्रकाश भाखर की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी शादी राजेंद्र मार्ग बाबा रामदेव मंदिर रोड निवासी बिजेंद्र चौधरी की पुत्री वैशाली संग हुई थी। बाद में वैशाली की तरफ से उस पर दहेज प्रताडऩा का एक केस दर्ज करवाया दिया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि परिवादी ने उसे दहेज के लिए तंग और परेशान किया। अब पीड़ित ओमप्रकाश भाखर ने परिवाद के आधार पर क्रॉस में केस दर्ज कराया गया कि वैशाली, उसके पिता विजेंद्र चौधरी, पीपाड़शहर के खांगटा की रहने वाली उषा चौधरी एवं न्यू पावर हाउस रोड निवासी सीमा चौधरी ने उसे दहेज दिया है। दहेज देना दहेज प्रतिषेध अधिनियम में अपराध है। जिसमें दहेज देना और लेना दोनों ही अपराध की श्रेणी में आते है। वैशाली ने पति के खिलाफ दी रिपोर्ट में पिता द्वारा हैसियत से दान दहेज देने की बात की है। पुलिस ने अब परिवादी की पत्नी सहित अन्य के खिलाफ दहेज देना का प्रकरण दर्ज किया है।

### पांचवी की छात्रा गंगा भरत नाट्यम करेगी

**जोधपुर, (कासं)।** शिवम् नाट्ययालय का 44 वां अरंगेत्रम गंगा शर्मा द्वारा 22 अक्टूबर को डॉ. एस. एन मेडिकल महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होगा। गंगा ने 3 वर्ष की उम्र से ही गुरु डॉ.मंजूषा सक्सेना के मार्गदर्शन में भरतनाट्ययम सीखना शुरू किया। जिसने अपनी शिक्षा महज 7 सालों में पूरी की। मात्र साढ़े नौ वर्ष की छोटी सी गंगा अपनी वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद जोधपुर वासियों के समक्ष प्रस्तुति देने जा रही है। खेलने, कूदने, मस्ती करने की उम्र में गंगा न केवल भरतनाट्ययम नृत्य में पारंगत हुई बल्कि तैराकी,बागवानी, आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट, योगाभ्यास के साथ-साथ जीव- जंतु, गौ सेवा व सहयोग की भावना जैसे गुणों से भी परिपूर्ण है। अपनी कक्षा में सदैव प्रथम आने वाली गंगा की सुंदर लेखनी भी उसकी एक पहचान है। नृत्य साधना के दौरान कई कार्यक्रमों में अपनी नृत्य की प्रस्तुतियां दे चुकी है। गंगा की आध्यात्म में गहरी रुचि है, जिसके तहत श्री भागवत गीता के संस्कृत के श्लोक न केवल स्पष्ट पठन करती है अपितु कई श्लोक उसे कंठस्थ भी हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाल रोड की पांचवी की छात्रा गंगा लक्ष्मी शर्मा एवं सहायक पुलिस आयुक्त रमेश कुमार शर्मा की पुत्री है।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन अब 27 को

**जोधपुर, (कासं)।** मेडती सिलावाट समाज की तरफ से आगामी 27 नंबवर को सामूहिक विवाह सम्मेलन का अयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के सचिव डॉ.अब्दुल्लाह खालिद ने बताया कि मई माह में ही घोषित की गई 23वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तारीख जो 25 नवंबर थी, उसे राजस्थान में 25 नवंबर को ही मतदान होने के कारण मेड़ती सिलावट समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन कमेटी के तकरीबन 500 सदस्यों की महत्वपूर्ण सभा में मतदान के महत्व को देखते हुए सामूहिक विवाह की तारीख बदलकर 27 नवंबर और वलीमा की तारीख 28 नवंबर की गई व इस बदली गई। तिथि से जिला कलेक्टर व अतिरिक्त जिला कलेक्टर को अवगत करवाया गया। सभा में सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष अनवर सिसोदिया, सचिव डॉ.अब्दुल्लाह खालिद ,कोषाध्यक्ष अब्दुल वाहिद, वार्ड के पार्षद जाहिद चौहान,समाज मिलाप(राब्ता समिती) के चैयरमेन मोहम्मद समीर, मोहम्मद हारिश, खरीदारी समिति के चेयरमेन मोहम्मद जावेद भाई आदि मौजूद रहे।

### युवक से मारपीट, रुपए व आभूषण लूटे

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के बोम्बे मोटर चौराहा के पास में एक युवक से मारपीट कर टैक्सी चालक और उसके साथी आभूषण, नगदी और पर्स छीनकर ले गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से पहचान के प्रयास कर रही है।कायलाना रोड श्रीराम कॉलोनी निवासी नकुल गहलोत की तरफ से प्रतापनगर सदर थाने में इस बाबत रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह 13 अक्टूबर की रात को बोंबे मोटर सर्किल के पास में एक पान की दुकान से अपनी बाइक पर लौटने लगा। तब एक टैक्सी चालक दनदनाते आया। इस पर उसे टोका गया तो वह मारपीट करने लगा। फिर उसने फोन कर कुछ लोगों को बुला लिया। इतने में 15-20 लोग आ गए और मारपीट की। फिर उसके जेब से 35 हजार रूपए, गले से सोने की चेन और चांदी के कंगन ले लिए। साथ ही जेब से पर्स भी निकाल दिया। पर्स में उसके तीन एटीएम कार्ड के साथ अन्य दस्तावेज है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात टैक्सी चालक और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों तलाश की जा रही है।

### रोडवेज बस व बजरी के डंपर में टक्कर

**पाली, (नि.सं.)।** पाली जिले के रोहट थाना क्षेत्र में रेडियो नदी के पास एक रोडवेज बस से बजरी से भरा डंपर टकरा गया। हादसे में करीब आधा दर्शन से ज्यादा यात्री घायल हो गए, जिनको एंबुलेंस 108 से रोहट के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई। गनीमत रही कि ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर रोडवेज बस को थाने ले गए। बजरी डंपर चालक की तलाश जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संगीतमय रामलीला आज

**पाली, (नि.सं.)।** पाली के दशहरा पर्व पर मंचित संगीत मय रामलीला का पर्दा आज मंगलवार को उठेगा। कमेटी के प्रवक्ता मांगुसिंह दुदावत व उपाध्यक्ष हीरालाल व्यास ने बताया कि रामलीला का पर्दा 17 अक्टूबर 2023 को रात्रि 8.30 बजे अतिथि नगर परिषद आयुक्त आशुतोष आचार्य व रेखा भाटी आदि के कर कमलों से उठेगा।